## खबर संक्षेप

### देशी व कच्ची शराब जब्त, पकड़ा गया सटोरिया

**कटनी**। बाकल पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री एवं सटोरिया पर कार्यवाही की है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद के दिशा निर्देशन में की गई। पुलिस के अनुसार थाना स्तर पर अलग अलग क्षेत्र में हो रहे अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब बेचने वाले चन्द्रभान लोधी पिता राजाराम लोधी 23 साल निवासी पाकर थाना बाकल के कब्जे से 8 ली. हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब कीमती 3200/- रूपये व बिहारी बर्मन पिता दसईया बर्मन 65 साल निवासी छुरिया थाना बाकल के कब्जे से 5 ली. हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जप्त कर उक्त आरोपियो के विरूद्ध म.प्र. आबकारी अधि. के अन्तर्गत कार्यवाही की गई। थाना क्षेत्र अन्तर्गत अवैध सट्टा पट्टी काटने वाले पहलवान भुमिया पिता उम्मेद सिंह भुमिया उम्र 44 साल निवासी आदिवासी मोहल्ला बसेहडी थाना बाकल के कब्जे से सट्टा पट्टी सहित कुल 1100/- रूपये नगद जप्त कर म.प्र. पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

### पांच सालों से फरार स्थायी वारंटी हुआ गिरफ्तार

**कटनी**। बाकल पुलिस ने करीब 5 वर्षो से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गौतम विश्वकर्मा पिता नरेश विश्वकर्मा 32 साल नि. मसंधा को पुलिस की सूझबुझ से धर धबोचा गया। आरोपी को पकड़ने में थाना प्रभारी उप.निरी. प्रतीक्षा सिंह चंदेल, प्रआर. अवधेश मिश्रा , प्रआर. नकुल पटेल, प्रआर. जोगेन्द्र तिवारी, आर. इन्द्रभान मर्सकोले, आर. सूरलाल उईके, आर. अंकित कन्नोजिया, सै. अशोक तिवारी की विशेष भूमिका रही।

### राशि का भुगतान नहीं करने पर ढीमरखेड़ा सीईओ से शिकायत

**ढीमरखेड़ा**। जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मुंगेली के सचिव, सरपंच के द्वारा ठेकेदार को नहीं कर रहे भुगतान ठेकेदार के द्वारा लिखित शिकायत ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत मुख्य पालन अधिकारी को लिखित शिकायत दी गई है कि वित्तीय वर्ष 2024 को स्टाफ डैम एवं चेक डैम की शासन के द्वारा स्वीकृत किया गया था जिसकी कुल लागत 15 लाख थी। ग्राम पंचायत मुंगेली के सचिव सरपंच के द्वारा ठेकेदार को 10 लाख 75000 ठेका दिया गया था जो कि आवेदक के द्वारा ग्राउंड स्तर पर 90% कार्य पूरा कर दिया गया है जो कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार कार्य किया गया था लेकिन सचिव सरपंच के द्वारा पैसा के लेनदेन मैं परेशान करने के कारण 10% काम मेरे द्वारा छोड़ गया है बाकी की शेष राशि मांगने पर सचिव सरपंच के द्वारा राशि नहीं दी जा रही और राशि मांगने पर सचिव सरपंच मेरे को परेशान करते हैं। पैसे ना मिलने पर ठेकेदार के द्वारा जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित शिकायत देकर आवेदक ने शेष राशि दिलाने को लेकर शिकायत की है।

### जिला गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति की बैठक आज

**कटनी**। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार 19 मई को समय-सीमा बैठक के तत्काल बाद जिला गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति की बैठक आयोजित होगी। बैठक में मुख्यमंत्री गौसेवा योजना एवं अशासकीय स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित गौशालाओं में उपलब्ध गौवंश संख्या के आधार पर चारा-भूसा एवं भरण-पोषण की राशि का वितरण किया जाएगा। यह राशि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 22 मई को डीबीटी के माध्यम से अंतरित की जायेगी। डॉ. आर के सोनी उपसंचालक, पशु पालन एवं डेयरी विभाग ने बैठक के दौरान सभी अध्यक्षों से पहुंचने का आग्रह किया है।

---

### लगातार संपर्क में रहने से कई गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे लोग

# खस्ताहाल सड़कों एवं उद्योग-प्लांटों की धूल डस्ट से वातावरण प्रदूषित, बना रहा बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

खस्ताहाल सड़कों एवं उद्योगों से निकलने वाली धूल डस्ट से वातावरण प्रदूषित हो चला है। धूल और डस्ट के लगातार संपर्क में रहने वाले लोग गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। वाहनों से निकलने वाला काला धुंआ और सड़को से उठ रहा धूल का गुबार आम राहगीरो की भी सेहत बिगाड़ रहा है। चेहरों को ढंककर इस समस्या से बचने का नाकाफी प्रयास तो लोग कर रहे है लेकिन ये प्रदूषण अधिकांश शहरवासियों के फेफड़ो तक मार कर रहा है।

सड़को पर फैला यह प्रदूषण लोगो को बीमार कर रहा है। धूल के साथ ही रेत, सिलिका और लैड के खतरनाक कणों के साथ वायरस और बैक्टीरिया भी नाक के रास्ते मुंह, गले और श्वांस नली में समा रहे है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में सड़कों के किनारे उड़ रही धूल के साथ हवा में धूल की मात्रा भी बढ़ती जा रही है। प्रदूषण के कारण



अस्पतालों में भी लोग बीमारियों से पीड़ित होकर पहुंच रहे है। डाक्टरो का कहना है कि जर्जर सड़क, धूल, धुंए से पदूषित हो रहे वातावरण में रहने से लोग एलर्जी का शिकार हो रहे है।

#### ये हो रही तकलीफे

धूल के कण आंखो में जा रहे है। इससे आंखो में संक्रमण, आंखे लाल होना, आंखो में पानी आने की शिकायत होती है। जुकाम, खुजली होना, गले में खराश, दर्द व इन्फेक्शन, सांस की तकलीफ, खांसी, दमा, खुजली, फेफड़ो के इन्फेक्श्न, फोड़े फुंषी व घाव पर धूल के कारण इन्फेक्श्न, वाहनों से प्रदूषित धुंआ निकलता है जो हाईड्रोकार्बन मिश्रित होता है। इससे कैंसर की संभावना बनी रहती है। किडनी संबधी रोग का खतरा व धूल के कारण रेस्पीरेटरी की समस्या बनी रहती है।

#### इलाज में देरी से बढ़ता है खतरा

चिकित्सको के अनुसार एलर्जी के शिकार मरीजो का शुरू में ही इलाज न कराया जाये तो पहले गले के दोनो ओर के टांसिल बढ़ जाते है। इससे लगातार जुकाम रहने लगता है। यही बढ़कर गले और फेफड़े को संक्रमित कर देता है। सिसे मरीज ब्रोंकाइटिस और अस्थमा रोग का षिकार हो जाता है। डाक्टरो की माने तो धूल के प्रभाव से अनेक लक्षण प्रकट हो सकते है। धूल श्वसन संस्था में प्रवेष करके फेफड़ो को नष्ट कर देती है। खांसी, छाती में दर्द, सांस लेते वक्त आवाज आना, दम फूलना, गला दुखना सामान्य लक्षण हो सकते है। खांसी, छाती में दर्द, सांस लेते वक्त आवाज आना, दम फूलना, गला दुखना भी सामान्य लक्षण हो सकते है। अस्थि रोग चिकित्सको की माने तो धूल की वजह से हादसे व मरीजो की संख्या बढ़ रही है।

नेत्र रोग विषेशज्ञ के अनुसार धूल के कणों व प्रदूषण से सबसे अधिक खतरा आंखो को होता है। धूल के कण आंखो में प्रवेष कर जाते है। इससे आंखो में संक्रमण, आंखे लाल होना, आंखो में पानी आने की शिकायत होने लगती है। लगातार ऐसे मामलों में इजाफा हो रहा है। धूल रोकेने के दिषा में जिम्मेदार खुद निरूपाय है।

---

# डीआरएम ने किया निरीक्षण व्यवस्थाएं दुरूस्त करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

डीआरएम ने अधिकारियों के साथ कटनी पहुंचकर कटनी साउथ रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के उद्घाटन से पहले आवश्यक इंतजामों का निरीक्षण किया। आगामी 22 मई को उद्घाटन को देखते हुए शेड व मंच निर्माण सहित व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कटनी साउथ रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होने जा रहा है। इसकी तैयारी अंतिम चरण में है। 22 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। अंतिम चरण की तैयारियों को देखने के लिए डीआरएम कमल कुमार तलरेजा सहित अन्य अधिकारी कटनी पहुंचे और अधिकारियों को निर्देश दिए। अधिकारियों का दल कटनी साउथ स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो - पर उतरा। यहां से सर्कुलेटिंग एरिया का निरीक्षण किया। इसके बाद बुकिंग कार्यालय का निरीक्षण किया। इसके बाद वह नवनिर्मित प्रतीक्षालय एसी वेटिंग व सेकेंड क्लास वेटिंग हॉल का निरीक्षण किया। यहां पर यात्रियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश लिखवाने को कहा गया। इस दौरान अधिकारियों ने संबंधितों से यहां दिख रही कमियों को समय सीमा में पूरा करवाने के लिए कहा।

#### कोई कोताही न हो

डीआरएम ने सामने शेड को प्लान करने को कहा। इसके साथ ही मंच छोटा न हो, इस बात का ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उद्घाटन के दिन सफाई व्यवस्था में किसी तरह की कोताही न हो, इसका विशेष ध्यान रखने को भी कहा गया। इसके बाद डीआरएम सहित अधिकारी साढ़े ग्यारह बजे जबलपुर लौट गए। कटनी साउथ स्टेशन का कायाकल्प जारी है। इसकी कुल लागत 20 करोड़ रुपए बताई जा रही है। पहले चरण में साढ़े 5 करोड़ रुपए की लागत से काम किए गए। पहले फेज में फसाड एलिवेशन एसीपी से बनाने, मूर्ति स्थापना, एसी वेटिंग हॉल और सेकेंड क्लॉस वेटिंग हॉल सहित अन्य सुविधाओं को विकसित किया गया है। दूसरे फेज में अन्य काम किए जाएंगे।

निरीक्षण के दौरान डीआरएम कमल कुमार तलरेजा के साथ अधिकारियों की टीम उपस्थित रही।

---

### महापौर ने कहा धुंआ के साथ स्वच्छता गतिविधियां भी करें

# मच्छरों पर नियंत्रण के लिए मुख्य मार्गों, बस्तियों में फागिंग मशीन से किया धुआं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम द्वारा महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशानुसार वर्तमान मौसम को देखते हुए मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम और आम नागरिकों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से नगर में बड़े पैमाने पर फागिंग मशीनों के माध्यम से रासायनिक धुंआ छोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है।

#### इन मार्गों में चला अभियान

इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम द्वारा गठित सायंकालीन टीम द्वारा व्हीकल माउंटेन फॉगिंग मशीन एवं पोर्टेबल



फागिंग मशीन के माध्यम से फॉगिंग कार्य कराया जा रहा है।

अभियान के तहत शनिवार रात्रि को मिशन चोक सुभाष चौक शासकीय चिकित्सालय पहुंच मार्ग एवं शासकीय चिकित्सालय के अंदर शेर चोक झंडा बाजार गोल बाजार घंटाघर मार्ग चांडक चौक आजाद चौक शहीद द्वार गर्ग चौराहा स्टेशन रोड सिविल लाइन गणेश चोक माई नदी मार्ग एवं विभिन्न गली पुराना आई टी आई कार्यालय सहित नगर के अन्य स्थलों में भी फॉगिंग मशीन से रासायनिक धुंआ छोड़कर मच्छरों से राहत प्रदान करने का कार्य किया गया।

#### जनजागरुकता के करें प्रयास

महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे ने फागिंग मशीन से छिड़काव कार्य के साथ-साथ आम जनमानस को मच्छर जनित बीमारियों के बचाव हेतु आवश्यक उपाय संबंधी जन जागरूकता फैलाने तथा घरों के आस पास एवं परिसरों में स्वच्छता का वातावरण बनाए रखने संबंधित व्यापक प्रचार-प्रसार करने की कार्यवाही करने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

---

### महाविद्यालयों में प्रवेश के नियमों की दी जानकारी



पीएम एक्सीलेंस कॉलेज शासकीय तिलक महाविद्यालय पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया। कालेज के प्राचार्य सुनील बाजपेयी ने बताया कि महाविद्यालय प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इस बार फीस में कटौती और नियमों में बदलाव किए गए हैं। छात्राएं पहले चरण में बिना किसी शुल्क के आवेदन कर सकती हैं। सभी कोर्स के लिए एक पोर्टल बनाया गया है और ई-प्रवेश ऐप से घर बैठे रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। 12वीं की परीक्षा पास करने वाले छात्रों के लिए खुशखबरी है। छात्र अपने मनपसंद कॉलेज का चुनाव कर सकते हैं क्योंकि मध्य प्रदेश सरकार ने 15 मई 2025 से कॉलेज एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा और आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने एडमिशन से जुड़ा ई-ब्रोशर जारी किया. प्रवेश प्रक्रिया 4 जुलाई तक चलेगी और इसमें तीन चरण होंगे – दो केंद्रीकृत और एक CLC चरण। इस वर्ष रजिस्ट्रेशन फीस घटा दी गई है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कई बदलाव भी किए गए हैं ।

---

# अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाने को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

देवी अहिल्याबाई होलकर ने समाज को एक नई दिशा दी। जीर्णोद्धार कर धार्मिक स्थानों को नवीन स्वरूप दे कर इस माध्यम से समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य देवी अहिल्याबाई होल्कर ने किया महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से उन्हें स्वावलंबी बनाने की उनकी पहल आज भी प्रासंगिक है। भाजपा जिला कार्यालय में देवी अहिल्याबाई जी की 300 वीं जन्म जयंती मनाने को लेकर आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते यह विचार भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने व्यक्त किये। कार्यक्रम की जिला संयोजक अंकिता तिवारी ने 21 मई से 31 मई तक चलने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा रखी। इस अवसर पर



पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन ने देवी अहिल्याबाई की सम्पूर्ण जीवन की प्रमुख बातों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देवी अहिल्याबाई हमारे देश मे नारी शक्ति की वह मिशाल थीं जिनका सम्पूर्ण जीवन प्रेरणादायी है। कार्यशाला का संचालन करते महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सीमा जैन सोगानी ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हम पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती मनाने जा रहे हैं।

जयंती के तहत महिला सम्मेलन, धार्मिक स्थलों में कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, विचार संगोष्टि, काव्य गोष्ठि तथा जन्मदिवस पर 31 मई को अहिल्याबाई जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

---

### आधार कॉप मार्ग का अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

# महापौर ने डब्ल्यूबीएम रोड का प्रस्ताव तैयार करने उपयंत्री को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी के निर्देशन में नगर में विकास कार्यों के साथ साथ नागरिकों को सुगम और बेहतर यातायात की व्यवस्था मुहैया कराने के भी प्रयास किए जा रहे है।

इसी कड़ी में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा रविवार को मेयर इन काउंसिल सदस्य श्रीमती बीना संजू बैनर्जी एवं निगम के अधिकारियों की मौजूदगी में वेंकट वार्ड स्थित आधार काप मार्ग का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

खिरहनी फाटक से आधारकाप तक लगभग 2 किलोमीटर की सड़क में नागरिकों के आवागमन हेतु नवीन मार्ग की संभावनाओं के चलते कराए जाने वाले मार्ग की



सफाई एवं अन्य आवश्यक कार्यों का जायजा लिया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों की भी मौजूदगी रही।

#### लोगों ने बताई परेशानी

क्षेत्रीय नागरिकों से संवाद के दौरान बताया गया कि मार्ग न होने के कारण वार्ड के नागरिकों को असुविधा होती है साथ ही रेलवे लाइन को पार करने के दौरान अक्सर घटना घटित होने संभावना भी बनी रही है। जिस पर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा नागरिकों के सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए सड़क निर्माण कार्य का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश क्षेत्रीय उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी को दिए।

#### आवागमन में होगी सुविधा

उपयंत्री श्री प्यासी द्वारा बताया गया कि मार्ग निर्माण की प्रक्रिया के प्रयास निरंतर जारी है।जिसके तहत मार्ग के निवासियों द्वारा मार्ग निर्माण कराने हेतु सहमति भी प्रदान कर दी गई है। इस मार्ग का निर्माण हो जाने से नई बस्ती एवं खिरहनी फाटक आधारकाप के नागरिकों को आने वाले समय में आवागमन हेतु एक ओर बेहतर मार्ग उपलब्ध हो सकेगा। इस दौरान मौके पर पार्षद साथी MIC मेंबर लोक निर्माण प्रभारी डॉक्टर रमेश सोनी सुभाष शिब्बू साहू शकुंतला सोनीजय नारायण निषाद,पूर्व पार्षद डब्बू रजक उपस्थिति रही।

---

### उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गए निर्देशों का सख्ती से करें पालन

# खुले कुंओं, असफल बोरवेल व नलकूपों को बंद कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला प्रशासन ने अधिकारियों को खुले कुंओं, बावड़ी, असफल बोरवेल व नलकूपों को बंद कराने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए बोरवेल सुरक्षा पर उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गये दिशा-निर्देशों का कड़ाई से क्रियान्वयन और पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने पहले भी जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदारों, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों सहित आयुक्त नगर निगम और नगर परिषदों के मुख्य कार्यपालिका अधिकारियों और सभी थाना प्रभारियों को खुले कुंओं, बावड़ी और असफल बोरवेल के संबंध में सजग और सतर्क रहने की हिदायत दी थी। ताकि जिले में किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न घटित हो। कलेक्टर श्री यादव ने इसके लिए सभी अधिकारियों की जवाबदेही के साथ जनहित में सुरक्षा की दृष्टि



से असफल खुले बोर, कुंआ व ट्यूबवेल को बंद करने का कार्य अभियान स्वरूप में चलाने और जनजागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी ताकीद किया था कि बंद पड़े बोरवेल को कांक्रीट या धातु के ढक्कनों से सील करायें तथा सुरक्षा मानदंडों का पालन करने में विफल रहने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं के खिलाफ जरूरत पड़ने पर एफआईआर दर्ज कराने सहित जवाबदेही तय कर दंडात्मक कार्यवाही भी करें।

सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि खुले बोर, बावड़ी और कुंओं के संबंध मे उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए निर्णय के परिपालन में राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई के साथ प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। ताकि कोई भी जनहानि न हो सके।

#### रहें सावधान और सतर्क

कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रायः नागरिकों एवं संबंधित संस्था द्वारा असफल बोरिंग और ट्यूबवैल को खुला छोड़ दिया जाता है। ऐसे बोर पर नजर रखें और इन्हें बंद करायें। इस मामले मे सावधानी और सर्तकता बरतें। आये दिन अन्य किसी जिले से मासूम बच्चों के बोर में गिरने और खुले कुएं में गिरने से होने वाले हादसों की खबरें मिलती रहती है। इसलिए जनहित और सुरक्षा के मद्देनजर सावधान और सतर्क रहें।

#### कुओं को जाली से ढ़ंके

कलेक्टर श्री यादव ने लोक निर्माण विभाग सहित सभी सड़क निर्माण विभागों को निर्देशित किया है कि वे सड़क के दोनों ओर के 5-10 मीटर की दूरी तक के कुओं की जांच कराएं और यदि खुले हैं तो उन्हें ढकवाया जाये, ताकि कोई अनहोनी और अप्रिय घटना घटित नहीं होने पाये।

#### इन नंबरों पर दें सूचना

कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की है कि जिले के हर बच्चे और नागरिक की जिंदगी अनमोल है। इसलिए यदि किसी भी व्यक्ति को जिले में कहीं भी खुला बोरवेल और खुला गैर उपयोगी सूखा कुआं एवं नलकूप दिखता है, तो इसकी सूचना जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबरों 07622-220071 और 07622-220072 पर अवश्य देवें।

---

# खेल छात्रवृति के लिए खिलाड़ी मासांत तक कर सकेंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी


मध्यप्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेल छात्रवृति अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को दी जाती है। इसमें वरीयता राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक अर्जित करने वाले खिलाड़ियों को दी जायेगी। खेल वृत्ति का उद्देश्य राज्य स्तरीय पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना है। खेलवृति हेतु खिलाड़ी की आयु 1 अप्रैल 2025 को 19 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। खिलाड़ी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। आवेदक की विगत वर्ष के 01 अप्रैल से 31 मार्च अर्थात एक वित्तीय वर्ष में प्राप्त खेल उपब्धियों की गणना की जायेगी। खेल छात्रवृति हेतु खिलाडी अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरकर कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग में 31 मई तक जमा करा सकते है। नियत तिथि के पश्चात किसी भी स्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किए जावेंगे। खेलवृति 2024 हेतु निर्धारित आवेदन पत्र, अधिकृत राज्य स्तरीय खेल उपलब्धि का प्रमाण पत्र (जिसमें प्रथम, द्वितीय,तृतीय स्थान अंकित हो) की छायाप्रति, जन्मतिथि प्रमाणीकरण हेतु बोर्ड परीक्षा अंकसूची अथवा जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, आवेदक के मूलनिवासी प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आवेदक के बैंक पासबुक की छायाप्रति, आवेदक का मोबाइल नंबर एवं पालक का मोबाइल नंबर होना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### अलग अलग स्थानों से जब्त की गई अवैध शराब

**उमरियापान।** शराब की अवैध रूप से बिक्री करने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान 4 आरोपितों को पकड़ा गया जिनके पास से देशी और कच्ची शराब जब्त की गई। थाना प्रभारी एसआई दिनेश तिवारी ने बताया कि यहा कार्यवाही पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद के दिशा निर्देशन में की गई। अलग अलग क्षेत्र में हो रहे अपराध की रोकथाम हेतु दबिश देकर अवैध शराब बेचने वाले आरोपियों ग्राम बरेली के तारा चंद पिता स्व. तेजी लाल पटेल 55 साल, ग्राम बरही के छेदी लाल पिता बाबू लाल कोल 50 साल, ग्राम पचपेड़ी के विनोद पिता चंद्रिका बर्मन 40 वर्ष तथा ग्राम टोला के किशोरी पिता सुखलाल बसोर 50 वर्ष के कब्जे से 15 लीटर कच्ची शराब, 12 पाव देशी शराब कीमत 2700 रुपए की जप्त कर उक्त आरोपियो के विरूद्ध म.प्र. आबकारी अधि. के अन्तर्गत कार्यवाही की गई। कार्यवाही में स.उ.नि कोदू लाल दहिया, प्र.आर योगेंद्र सिंह, अजय तिवारी, आर मोहन मुवेल ,सैनिक संतोष दुबे की भूमिका रही।

### पूर्वी ने बढ़ाया मान, आदित्य को मिली सफलता

**कटनी।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा आयोजित एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा के परिणाम विगत दिवस घोषित किये गए। जिसमे कटनी आर्ट्स एण्ड कामर्स ऑटोनॉमस कॉलेज (चड्डा ऑटोनॉमस कॉलेज) की एलएल. बी. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा पूर्वी जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए विश्वविद्यालय की मेरिट लिस्ट में स्थान बनाते हुए कटनी शहर का नाम रोशन करते किया। इसी तरह आदित्य जैन ने 65% अंक प्राप्त किये। पूर्वी जैन एवं आदित्य जैन नई बस्ती, सावरकर वार्ड निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश जैन कक्का के पुत्र एवं पुतवधु हैं। पूर्वी और आदित्य जैन ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों एवं कॉलेज के प्राध्यापकों को दिया है। शुभचिंतकों एवं स्नेहीजनों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### अलग अलग क्षेत्रों में हुई मारपीट की घटनाएं

**कटनी।** अलग अलग क्षेत्रों में मारपीट की घटनाएं हुई। घटनाएं माधवनगर, कोतवाली व ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत हुई। जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना अंतर्गत ग्राम टिकरिया में एक युवक के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने सीताराम पटेल निवासी ग्राम टिकरिया की शिकायत पर राजकुमार पटेल, दीपक पटेल, अमन पटेल, कृष्णकांत पटेल, सोहिल खान पर घर में घुसकर मारपीट करने पर मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। इसी तरह कोतवाली थाना अंतर्गत रबर फैक्ट्री रोड में मारपीट की गई। जानकारी के अनुसार अन्नू चौधरी 28 निवासी आबकारी मोहल्ला की शिकायत शुभम चौधरी, अभिषेक चौधरी दोनों निवासी कटनी पर मामला दर्ज किया गया है। वहीं ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत युवक के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार अनूप दुबे 38 निवासी ग्राम ढीमरखेड़ा के साथ बाबा बागरी निवासी खमरिया ने मारपीट की।

### बाइकों में हुई टक्कर, दो युवकों की हुई मौत

**कटनी।** दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई जिसमें दो युवकों की मौत हो गई। हादसा बरही थाना अंतर्गत बगैहा मोड़ के पास हुआ। जानकारी के अनुसार अरुण कुमार निवासी कुंआ बरही कटनी की ओर आ रहा था। वहीं मोहन लाल 24 निवासी करेला अपने एक अन्य साथी के साथ कटनी से बरही आ रहा था। दोनो बाइकों में टक्कर हो गई। हादसे में अरुण व मोहन की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मोहन लाल के साथ बाइक पर सवार युवक गंभीर घायल हो गया।

---

**बैठकों में सुगम यातायात के लिए बनाई जाने वाली योजनाओं पर अमल नहीं**

# वाहनों की बढ़ती संख्या एवं शहर में अस्थाई अतिक्रमण से नासूर बनी जाम की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शहर की आबादी तेजी से बढ़ रही है, साथ ही दोपहिया, चार पहिया वाहनों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। उस अनुपात में शहर की मुख्य सड़कें चौड़ी नहीं हुईं। उस पर भी बाजार एरिया में ग्राहकों और व्यवसायियों के वाहन सड़कों पर ही पार्क हो रहे हैं। जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है। शहर में अराजक हो रहे यातायात को व्यवस्थित करने दिसम्बर 2020 में स्थानीय विधायक ने नगर निगम एवं यातायात पुलिस की बैठक ली थी। जिसमें शहर की ट्रेफिक व्यवस्था सुधारने कई निर्णय लिए गए थे। उस दौरान विधायक संदीप जायसवाल ने भी सड़क पर उतरकर ट्रेफिक व्यवस्था दुरुस्त करने की पहल की थी। कुछ दिन तक तो जिम्मेदार विभागों के अधिकारी अलर्ट मोड में नजर आए लेकिन बाद में फिर वही ढाक के तीन पात जैसी स्थिति बन गई। यातायात पुलिस की भूमिका हेलमेट चैकिंग तक सिमट कर रह गई है।

गोलबाजार सिंधु भवन रोड की चौड़ाई लगभग 20 फीट है लेकिन दिन में 11 बजे से रात 9 बजे तक यह सड़क सिकुड़ कर गली में तब्दील हो जाती है। पूरी सड़क में दोपहिया, तीन पहिया, साइकिल रिक्शा का कब्जा रहता है। सुभाष चौक से लेकर गोल बाजार चौराहा तक सड़क के दोनों ओर वाहनों के जमावड़ा से पैदल निकलना भी मुश्किल होता है। अतिक्रमणरोधी दस्ते ने यातायात व्यवस्थित करने अभियान चलाया था एवं दुकानों के बाहर रखी सामग्री की जब्ती की थी लेकिन व्यापारियों के विरोध के चलते यह अभियान लगभग बंद सा हो गया है।

### बैठक में दिये थे कार्यवाही के निर्देश

पूर्व में विधायक द्वारा ली गई बैठक में मुख्य मार्गो में लगने वाली सब्जी की दुकानों को अन्य निर्धारित स्थल पर शिफ्ट करने तथा मार्गों के अस्थाई अतिक्रमणों पर पुलिस विभाग के साथ मिलकर रोजाना कार्रवाई करने, सार्वजनिक मार्गो पर यातायात को प्रभावित कर खड़े वाहनों पर नियमानुसार कार्यवाही हेतु क्रेन की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिए थे। मल्टी लवल पार्किंग हेतु चिन्हित पुरानी कचहरी में स्थल के अतिरिक्त अन्य स्थलों, आयुक्त निवास के पास, रामलीला मैदान आदि स्थलों में प्लान तैयार करने चर्चा की गई थी। थाना तिराहा से सुभाष चौक होते हुए मुख्य स्टेशन पहुंच मार्ग तक नो पार्किंग जोन बनाए जाने, अन्य शहरों की पार्किंग व्यवस्था का अवलोकन कर कटनी नगर में भी पार्किंग हेतु उचित व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया था। रजिस्ट्री करा चुके ट्रांसपोर्ट व्यवसाईयों से स्थल पर निर्माण कार्य प्रारंभ कराते हुए शीघ्र ही ट्रांसपोर्टनगर को शिफ्ट करने का निर्णय लिया था।

### चालानी कार्यवाही से फुर्सत नहीं

शहर में यातायात पुलिस लगभग अस्तित्वहीन हो चुकी है। जब तब केवल दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट चैकिंग के दौरान ही उपस्थिति नजर आती है। कहने को भले ही यातायात पुलिस में भारी भरकम फौज है लेकिन यह ट्रेफिक व्यवस्था सुधारने कहीं सक्रियता नजर नहीं आती है।

---

# आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया 21 मई तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निजी स्कूल में निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ है।

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए अपने ग्राम व वार्ड, पड़ोस तथा विस्तारित पड़ोस के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के संबंध में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए समग्र आईडी एवं आधार सत्यापन कर 21 मई तक ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार कार्य कर सकते हैं। आवेदन उपरांत निर्धारित तिथि एवं सत्यापन केन्द्र पर मूल दस्तावेजों से सत्यापन कराना अनिवार्य है। इसके बाद पात्र आवेदकों को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से स्कूल आवंटन होगा।

जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह ने बताया कि आवेदनों के सत्यापन कार्य की प्रक्रिया 23 मई तक सत्यापन केन्द्र (जन शिक्षा केन्द्र) में संचालित है। सत्यापन के उपरांत रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा आवेदकों को आगामी 29 मई तक स्कूल आवंटन किया जाएगा। चयनित आवेदकों को इसकी सूचना एसएमएस से भी मिलेगी। 2 से 10 जून तक आवंटित अशासकीय स्कूल में प्रवेश के लिए उपस्थित होकर मोबाइल एप के माध्यम से एडमीशन की रिपोर्टिंग कराना जरूरी है। इस संबंध में अधिक जानकारी बीआरसी कार्यालय अथवा जन शिक्षा केन्द्र से भी प्राप्त की जा सकती है।

### इंटर्नशिप का सुनहरा अवसर, 20 मई तक मौका

**कटनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण शील्ड के तहत जिले के बी.आर्क, एम आर्क, बी.ई, बी.टेक और बी.ई. सिविल उपाधि धारी छात्रों से भू-क्लाइमेटिक जोन का दौरा करने और विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद आवास टोपोलॉजी अध्ययन करने एवं दस्तावेजीकरण करने हेतु ग्रीष्मकालीन समर इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत 20 मई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। इंटर्नशिप के दौरान चयनितों को प्रतिमाह बीस हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। जिला सीईओ शिशिर गेमावत ने बताया कि ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के लिए योग्यता अनुसार छात्रों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन भरने की अंतिम तारीख 20 मई 2025 है।

---

**प्रतिबंधित दवाओं का भी बिना डाक्टर की पर्ची के किया जा रहा विक्रय**

# दर्द और एलर्जी से राहत देने वाली दवाओं का अब नशे में किया जा रहा है उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बढ़ते नशे के कारोबार के चलते किशोरवय से लेकर युवा और बुजुर्ग तक इस दलदल में फंसे हुए हैं। नशे की लत को पूरा करने के लिए न सिर्फ शराब, गांजा, स्मैक का उपयोग किया जा रहा है बल्कि कई प्रतिबंधित दवाईयों का भी बेरोकटोक विक्रय किया जा रहा है। नशे का उपयोग अब तो एक तरह से फैशन सा हो गया। मसलन हर छोटी-बड़ी सफलताओं व खुशियों के मौके पर यार दोस्तों में नशा की फरमाइश होती है। शहर से लेकर दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक में नशीले पदार्थों की उपलब्धता सहज हो गई। पुलिस अमला अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने में कामयाब नहीं हो पा रहा है।

नशे के लिए तंबाखू, बीड़ी, सिगरेट और शराब के अलावा कम खर्च में और सहज रूप से नशीली दवा सीरप और इंजेक्शन का उपयोग अधिक हो रहा है जो दवा बीमारी से निजात दिलाने के लिए बनाई गई है उसका उपयोग अब युवाओं द्वारा नशे के लिए किया जा रहा है। मेडिकल स्टोर वाले अपने थोड़े से फायदे के लिए बिना डाक्टर की पर्ची देखे ही ये नशीली दवाएं अवैध रूप से बेंच रहे हैं। जबकि सरकार ने ऐसी दवाओं की खुली बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। युवकों में दिन-ब-दिन नशे को लेकर झुकाव बढ़ता जा रहा है। शराब, सिगरेट, गांजा के साथ अब नशे के लिए युवा नए-नए तरीके भी इजाद कर रहे हैं। दर्द और एलर्जी से राहत दिलाने के लिए बनाई गई दवाइयों को उपयोग युवा वर्ग नशे के लिए करने लगा है।

पकड़े जाने के टेंशन से बचने के लिए युवा वर्ग नशीली दवा का सेवन कर आफत मोल ले रहे हैं। जानकारों की मानें तो कुछ इंजेक्शन लगाने के कुछ दरे के अंदर उसे नशा हो जाता है। इसी तरह स्पाजमो प्राक्सीवान कैप्सूल और कोरेक्स सीरप का नशा शराब जैसे दूसरे नशे की तुलना में सस्ता पड़ता है। यह हर जगह मेडिकल स्टोर में आसानी से भी मिल जाते हैं। इसे खाते समय किसी से छिपने की जरूरत नहीं पड़ती। शराब की तरह मुंह से बदबू भी नहीं आती जिससे नशे के रूप में ऐसी दवा का उपयोग किया जाता है।

सेंट्रल ड्रग स्टेंडर्ड आर्गेनाइजेशन के नये आदेशों में नींद की गोली और हैवी एंटीबायोटिक दवा के लिए एमबीबीएस डॉक्टर की पर्ची जरूरी हो गई है पर दवा विक्रेताओं द्वारा इसका पालन नहीं किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों संचालित मेडिकल स्टोर्स की बात तो छोड़ो, शहरी क्षेत्र व जिला मुख्यालय में भी मेडिकल स्टोर्स में बिना पर्ची के दवा दी जा रही है। चिकित्सकों की माने तो पेंटविन इंजेक्शन तुरंत अपना असर दिखाता है, वोनफिक्स को सूंघने से नशा आ जाता है। कोरिक्स सिरप या अन्य नशीली दवाओं के सेवन से व्यक्ति के स्नायु तंत्र, किडनी, लीवर पर विपरीत प्रभाव पड़ता है जिससे पैरालिसिस होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

---

### महर्षि विद्यापीठ में व्याख्यान माला का आयोजन



आदि गुरु शंकराचार्य जयंती के उपलक्ष्य में भारत के भागौलिक केंद्र बिंदु करौंदी स्थित महर्षि विद्यापीठ के लक्ष्मी मंडप में आचार्य शंकर के जीवन दर्शन पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विद्यापीठ के आचार्य सर्वेश कुमार, चतुर्वेदी,ब्रजेश कुमार पाण्डेय, विनोद तिवारी,हेमंत चौबे और राजाराम गौतम ने शंकराचार्य जी के जीवन दर्शन पर विस्तृत रूप से बताया कि आदि गुरु शंकराचार्य ने 8 वर्ष की उम्र में सन्यास लिया। सनातन धर्म की एकजुटता को बनाए रखने के लिए उनके द्वारा चार मठों की स्थापना पैदल यात्रा कर पूरे भारत में की गई। उन्होंने 32 वर्ष की छोटी सी उम्र में भारत का भ्रमण कर अलग-अलग संस्कृति को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। इसके साथ ही वक्ताओं ने शंकराचार्य के जीवन पर विस्तृत से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल, विकासखंड समन्वयक बबीता सिंह ने प्रमुख वक्ताओं को पुष्प माला और अंग वस्त्र भेंटकर उनका सम्मान किया।

---

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवम सेना के पराक्रम के उपलक्ष्य में निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा




जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पश्चात भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पीओके में ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला कर उनके कैम्पों व अड्डों को तहस नहस कर दिया गया था। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व सैनिकों के सम्मान में भारतीय सुरक्षा के लिए बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं एवम बड़वारा नगर तथा स्मीपस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से एकत्रित हुए अपार जन समूह के द्वारा बड़वारा के ऐतिहासिक हनुमान ताल से तिरंगा यात्रा निकाली गई जो कि ग्राम का भृमण करते हुए बड़वारा थाना के समीप स्थित शहीद परमानन्द पटेल की प्रतिमा के समक्ष पहुंची जहां पर बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने शहीद परमानन्द पटेल की प्रतिमा पर पुष्प सुमन अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। भारत माता की जय के नारे लगाए गए। तिरंगा यात्रा का जन समुदाय द्वारा जगह जगह स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा से लोगों के मन मे तिरंगा के प्रति देश प्रेम व समर्पण की भावना जाग्रत हुई। इस दौरान बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, बड़वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुराग गुप्ता, विलायत कला भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय सोनी, हर्ष द्विवेदी, केतन गर्ग, भूत पूर्व सैनिक संतोष दुबे, बीरभद्र दुबे( छोटू महाराज), बड़वारा के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बृजेन्द्र प्रताप सिंह समेत भारी जन समूह तिरंगा यात्रा में सम्मलित हुआ।

---

**जरवाही में ग्रामीणों ने श्रमदान कर तालाब में की सफाई**

# चौपाल और रैली के माध्यम से लोगों को दिया गया जल संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता संयोगिता मिश्रा के समन्वय और छात्र-छात्राओं के सहयोग से जल गंगा अभियान की जागरूकता के लिए ग्राम वासियों के साथ चौपाल एवं रैली के माध्यम से जल संरक्षण एवं प्राकृतिक स्त्रोतों की गहरीकरण और साफ-सफाई जन भागीदारी से करने का संदेश दिया गया। जिससे प्रेरित होकर ग्राम वासियों ने स्थानीय तालाब के घाट में कचरा और गंदगी की श्रमदान से साफ-सफाई मैं सहभागिता की और मानव श्रृंखला बनाकर तालाब से निकले कचरे को दूर फेंक दिया। जन अभियान परिषद द्वारा गांव-गांव में नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाताओं, और छात्र-छात्राओं के सहयोग से रैली, दीवार लेखन, चौपाल और संगोष्ठी के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़कर ग्राम वासी जल संरक्षण के लिए तन और मन से अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। जिसके फलस्वरुप बोरी बंधान, सोख्ता गड्ढों का निर्माण, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और गहरीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। बंडा में आयोजित जन जागरूकता और श्रमदान के इस कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि शैलेंद्र मिश्रा, पंच कौशल्या बाई आदिवासी, ग्राम पंचायत रोजगार सहायक अनिल कुशवाहा, नवांकुर संस्था मंथन समाज विकास समिति बंडा के सचिव हीरामणि हल्दकार, लोकेश जनसेवा समिति के सचिव रामजी मिश्रा समाजसेवी बृजकिशोर नामदेव, राजकुमार भूमिया, रवि शंकर चौधरी, सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता श्रीमती संयोगिता मिश्रा, अमित तिवारी, छात्र-छात्राओं देव सुधाकर दुबे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की सहभागिता रही।

---

**वीर सावरकर वार्ड में सीसी नाली एवं पुलिया निर्माण के विकास कार्य**

# महापौर ने 32 लाख के विकास कार्यों की रखी आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




वर्षा ऋतु के दौरान नगर के वार्डो में जलप्लावन की समस्या का सामना न करना पड़े इस हेतु निगम प्रशासन द्वारा अभी से तैयारियां प्रारंभ की जाकर नगर के छोटे और बड़े नालों की सफाई के साथ ही जलप्लावन वाले संभावित स्थलों में जल निकासी की सुगम व्यवस्था हेतु विकास कार्य कराए जा रहे है।

### शहर विकास का कार्य जारी

इसी तारतम्य में नगर विकास कार्य को गति प्रदान करते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा रविवार को वीर सावरकर वार्ड के नागरिकों की मौजूदगी में लगभग 32 लाख की लागत से वार्ड के विभिन्न स्थलों पर कराए जाने वाले नाली निर्माण कार्य एवं पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण करते हुए क्षेत्रीय नागरिकों को महत्वपूर्ण सौगात दी। भूमिपूज आचार्य अरुण कुमार भट्ट द्वारा विधिवत पूजन अर्चन किया जाकर संपन्न कराया गया।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी सुभाष शिब्बू साहू जय नारायण निषाद, श्रीमती बीना बैनर्जी सहित वार्ड पार्षद राजेश भास्कर पार्षद शकुंतला सोनी पूर्व पार्षद विजय डब्बू रजक समाजसेवी अजय सरावगी सहित क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही।

### नागरिकों को मिलेगी राहत

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य शासन सहित पार्टी के वरिष्ठ जनों के सहयोग से नगर में विकास कार्य का सिलसिला अनवरत जारी है। जिसके तहत आज वार्ड स्थित श्रीमती ममता अग्रवाल, नवीन भसीन सहित अन्य विभिन्न स्थलों में लगभग 27.98 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण सहित संत रविदास नगर में 4 लाख रुपये की लागत से पुलिया एवं नाली का निर्माण कराया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य होने से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर यातायात सहित जल निकासी की सुगम व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी। नगर विकास का यह सिलसिला आगे भी निरंतर जारी रहेगा। क्षेत्रीय पार्षद राजेश भास्कर द्वारा वार्डवासियों की सुविधा हेतु प्रदान की गई इस सुविधा के लिए महापौर एवं निगम प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया गया तो वहीं वार्डवासियों द्वारा भी विकास कार्यों को स्वीकृत कराए जानें के लिए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं वार्ड पार्षद राजेश भास्कर का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया गया।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान स्थानीय गणमान्य नागरिक रघुनाथ गौर जयराम छाबड़ा सुषमा भट्ट, शारदा जैन सहित निगम के उपयंत्री अश्विनी पाण्डेय सहित निर्माण एजेंसी के ठेकेदार की मौजूदगी रही।

---

### जहरीले पदार्थ के सेवन से दो की मौत

**कटनी।** बाकल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक की जहर पीने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार काशीराम पटेल पिता दयाराम पटेल 34 निवासी अमाड़ी की जहर पीने से मौत हो गई है। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पटीराजा में राम बाई कोल पति रामशरन कोल 40 की जहरीले पदार्थ के पीने से मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### कर्मचारियों के हित में लिये गए निर्णय पर आभार व्यक्त किया

**दमोह।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ द्वारा मुख्यमंत्री द्वारा कर्मचारियों के हित में किए गए निर्णय की उपज में रविंद्र भवन भोपाल में प्रदेश के समस्त कर्मचारियों ने उपस्थित होकर सामूहिक रूप से एमिनेंट अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया। जिसमें दमोह जिले से मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री जी का पुष्पमाला एवं अंग वस्त्र से अभिनंदन किया कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री महोदय ने प्रदेश के समस्त कर्मचारी के स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुए कर्मचारी बीमा योजना लागू करने की घोषणा की जिससे कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त हुआ। कार्यक्रम में दमोह जिले से भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख एडवोकेट धर्मेंद्र चौबे, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला सहसंयोजक संजीव कुमार तिवारी, अरविंद कुमार असाटी एवं बाबूलाल विश्वकर्मा साथ साथ के मप्र राज्य कर्मचारी संघ के कार्यकर्ता भारी मात्रा में मौजूद रहें।

### सुनील राय बने अध्यक्ष

**दमोह।** हजरत दूल्हा सैयद हसन अली शाह रह. अ. लोकू बाले बाबा उर्स मुबारक 2 जून 2025 दिन सोमवार को मनाया जा रहा हैं, जिसमें कमेटी के लोगो ने एक बैठक का आयोजन किया जिसमें सर्व सहमति से अध्यक्ष एवं समस्तयों की घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष सुनील राय, उपाध्यक्ष एड साजिद रिजवी, बसीम खान, शरीफ सिद्धीकी, सचिव मुख्तार खान, सह सचिव साबिर कुरैशी, कोषाध्यक्ष उमर खान, फीरोज तुगलक, संरक्षक शरीफ पेंटर, दयाल पटैल, बसीम बाबा, महमूद सिद्धीकी, सुदामा दुबे, काजी शाहिद अली, निसार अली, पार्षद कृष्णा तिवारी, किशोर श्रीवास्तव, राजकुमार मिश्रा, मनू टाईगर, मनीष अवस्थी ठेकेदार की नियुक्ति की गई।

### निःशुल्क कोचिंग का तीसरा टेस्ट दो कक्षो में संपन्न

**दमोह ।** उपसंचालक कृषि जे.एल. प्रजापति ने बताया जिला प्रशासन, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के विशेष सहयोग से जिले में निशुल्क प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट की कोचिंग चलाई जा रही हैं। छात्रों की तैयारी हेतु तीसरा टेस्ट का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कृषि संकाय के दो कक्षों में आयोजित किया गया। 200 अंक का एक टेस्ट का आयोजन किया गया जिसमें 50 प्रश्न भौतिकी एवं गणित विषय के, 50 प्रश्न जीवविज्ञान के, 50 प्रश्न फसल उत्पादन एवं उद्यान शास्त्र के तथा 50 प्रश्न पशुपालन एवं कुक्कुट पालन के इस प्रकार कल 200 अंक का प्रश्न पत्र का टेस्ट सुबह 08 बजे से 11 बजे तक लिया गया। टेस्ट में प्रश्न विषय विशेषज्ञों से तैयार कराए गए तथा कृषि विभाग द्वारा उसका मुद्रण एवं ओ.एम.आर. शीट का मुद्रण कराया गया। टेस्ट कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी पिंकू अहिरवार, सुनील पटैल एवं पुष्पराज सिंग एवं वरिष्ठ शिक्षक डी. पी.कटारे के पर्यवेक्षण में संपादित किया गया।

### राज्यमंत्री के साथ जेल में बंदियों से मुलाकात कर कक्ष का किया लोकार्पण

# हटा उपजेल में सुधारगृह जैसा माहौलः जेल महानिदेशक सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



जेल महानिर्देशक जीपी सिंह ने प्रदेश के पशुपालन राज्य मंत्री लखन पटेल एवं विधायक उमादेवी खटीक के साथ रविवार को हटा उपजेल का दौरा किया श्री सिंह को जेल गॉर्ड ने गॉर्ड ऑफ आनर दिया गया उन्होंने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। जेल में ओएनजीसी के द्वारा निर्मित कराए गए मुलाकात कक्ष का पूजन कर लोकार्पण किया और निर्माण कार्य की सराहना की जहां इस मुलाकात कक्ष को सर्वसुविधायुक्त बनाते हुए सीसीटीव्ही कैमरे से कवर किया गया है। गायत्री परिवार से डॉ सी एल नेमा एवं पंडित रामकिशोर दुबे ने पूजन सम्पन्न कराया। उपजेल के निरीक्षण के बाद जेल महानिर्देशक आई पीएस जीपी सिंह ने कहा कि सामुदायिक सेवा योजना से ओएनजीसी द्वारा निर्मित मुलाकात कक्ष कैदियों के परिवारजनों की सुविधा के लिए बहु उपयोगी होगा। उन्होंने जेल परिसर की साफ सफाई एवं पेंटिंग कार्य की सराहना करते हुए कहा कि पूरा जेल परिसर सुधार गृह परिलक्षित हो रहा है। इस अवसर पर उपस्थित पशुपालन राज्य मंत्री लखन पटेल ने डीजी श्री सिंह से जेल के बाहर काउंटर के पास टीन शेड एवं परिसर के समतलीकरण के साथ सौंदर्यीकरण के लिए बजट उपलब्ध कराने की बात कही। इस दौरान विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक, राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी जी के पिता भाव सिंह लोधी, जनपद सदस्य कनई पटेल, राधिका पटेल गोविंद पटेल, एडीशनल एसपी संदीप मिश्रा, एसडी ओपी रघु केशरी, सागर जेल अधीक्षक मानेंद्र सिंह परिहार,एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे। सहायक जेल अधीक्षक नागेंद्र चौधरी ने सभी का स्वागत किया।

# स्कूल परिसर में शिक्षक का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले के बटियागढ थाना क्षेत्र के महुवट स्कूल में पदस्थ एक शिक्षक का शव स्कूल परिसर में लगे एक पेड़ के नीचे फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिलने से सनसनी के हालात बनते देर नहीं लगी। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। शव के पैर जमीन को छूते दिखने से अन्होनी की आशंका भी जताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महुवट स्कूल में पदस्थ शिक्षक माधव प्रसाद लोधी 55 वर्ष का शव रविवार अवकाश के दिन स्कूल परिसर में लगे एक पेड़ से फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि देर रात फांसी का यह घटनाक्रम हुआ होगा। शव के पैर जमीन को छूते नजर आने, पास में ही जूते पड़े होने तथा शरीर पर शर्ट नहीं होने से शिक्षक के साथ किसी प्रकार की अन्होनी की आशंका भी जताई जा रही है। रविवार सुबह सूचना मिलने पर बटियागढ थाना पुलिस मौके पर पँहुची और शव को फंदे से नीचे उतरवाकर पंच नामा करके शव का बटियागढ में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौप दिया गया। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का नजर आ रहा है लेकिन शिक्षक ने ऐसा क्यों किया यह पुलिस जांच का विषय है। वही पेड़ से लटके शव के पैर जमीन को छूते दिखने से तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार भी सर गर्म बना हुआ है। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम करके जांच में जुटी हुई है।

### माता-पिता की सेवा करते हुए प्रकृति का संरक्षण करना सबसे बड़ा धर्म है- पं आशीष कृष्णा

हटा। समीपस्थ ग्राम रसीलपुर में कलेही माता मंदिर में चल रही सप्तदिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा के पंचम दिवस कथावाचक पंडित श्री आशीष कृष्ण शास्त्री जी ने बताया कि कलयुग में माता पिता की सेवा करते हुए प्रकृति का संरक्षण करना ही सबसे बड़ा धर्म है प्रत्येक व्यक्ति माता पिता की सेवा के साथ गोवंश की रक्षा करें प्रकृति में ऑक्सीजन युक्त और फलदार विशेष कर तुलसी और पीपल के पौधे लगाए तुलसी की माला धारण करे। शास्त्री जी ने आगे बताया कि वृक्षों में भी भगवान का निवास होता है। वृक्ष भी भगवान के स्वरूप माने जाते हैं, इसलिए भगवान के रूप में वृक्षों की भी पूजा होती है। मनुष्यों को पीड़ा देने में जो कष्ट होता है, वही कष्ट वृक्षों को भी काटने में होता है। इसलिए कभी भी वृक्षों को अनावश्यक काट-छांट के पीड़ित नहीं करना चाहिए। मनुष्यों के हृदय में बैठा हुआ परमात्मा वृक्षों में भी विराजमान होता है। वृक्षों की पूजा से भगवान की पूजा हो जाती है, यही सनातन धर्म का वास्तविक उपदेश शास्त्रों ने दिया है। कथा में कृष्ण की बाल लीलाओं व वृंदावन रासलीला के साथ गोवर्धन पूजा करते उत्सव मनाते हुए सभी श्रद्धालुओं को भजन के माध्यम से ब्रज 84 कोस परिक्रमा कराई।

# बीएसएफ मे चयनित होने पर रितिका को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

हॉकी दमोह ने सुबह हॉकी टरफ मैदान पर दमोह की बेटी रितिका विश्वकर्मा का सम्मान किया। हाल ही में रितिका का बी एस एफ मे चयन हुआ है। विदित हो कि रितिका ने हॉकी मे दो गोल्ड एक रजत पदक प्राप्त किया। रितिका का सफर बहुत कठिन रहा है। माता पिता के सहयोग से उन्होने हॉकी को आत्मसात किया। वर्ष सोलह मे पूर्व मंत्री विधायक जयंत मलैया के प्रयासो से प्रारम्भ फीडर सेंटर मे अभ्यास कोच रियाज के सानिध्य मे लिया वर्ष बीस मे एन आई एस कोच सरोज राजपूत का मार्ग दर्शन मिला। लाक डाउन के समय हॉकी इंडिया के दिशानिर्देशन मे आन लाइन कोचिंग स्वर्गीय कोच कौशिक के माध्यम से ली। हॉकी मे आगे बढने हॉकी दमोह ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। पारिवारिक विषम स्थिति मे आगे बढ़ी बी एस एफ मे चयन होने पर डा संगतानी साहित्यकार नरेंद्र दुबे सी एम ओ प्रेम सिंह तेदूखेडा ने स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया। अतिथि दुबे जी खिलाडियो से अनुशासन मे रहकर लछय हासिल कर माता पिता का नाम रोशन करे सी एम ओ सिंह ने बेटी को बधाई देते हुए आने वाले समय नये आयाम स्थापित करे। डा संगतानी ने सभी खिलाडियो से मैदान से जुडे रहने की बात रखी। इस अवसर पर भगवान सिंह विजय ठाकुर संतोष सेन विजय ठाकुर तरूण नामदेव किशन सिंह लोकेश गागरा शैलेन्द्र चौधरी बडी संख्या मे खिलाडी तथा पालकगण उपस्थित रहे। संचालन ललित नायक आभार राजेश सालोमन ने माना। कार्यक्रम के अंत मे खिलाडियो को स्वलपाहार वितरित किया।

## शनि जयंती 26 को, श्री शिव शनि हनुमान मंदिर में होंगे विविध आयोजन

**दमोह।** ज्येष्ठ माह की 26 मई को शनि जन्मोत्सव का आयोजन बड़े ही भक्ति भाव से मनाने के लिए एसपीएम नगर स्थित श्री शिव शनि हनुमान मंदिर में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें शनि जयंती को बड़े ही धूमधाम से मनाए जाने हेतु निर्णय लिया गया। इस दिन बट सावित्री व्रत के भी होने के कारण भक्तों व श्रद्धालुओं के लिए यह दिन शुभ फलदायक होता है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सुबह से पूजन प्रारंभ हो जाएगा दोपहर 3 बजे से श्री शिव जी शनिदेव हनुमान जी का अभिषेक किया जाएगा। तत्पश्चात हवन पूजन भी संपन्न कराया जाएगा। इसके उपरांत शाम 6 बजे से विशेष रूप से नगर भंडारे का आयोजन किया गया है। शनि देव पूजा विधि - एसपीएम नगर स्थित श्री शिव शनि हनुमान मंदिर के पुजारी पं बालकृष्ण शास्त्री एवं आचार्य पं आशुतोष गौतम शास्त्री के अनुसार शास्त्रों में शनि जन्मोत्सव पर शनिदेव की पूजा अर्चना करने का विशेष महत्व है। इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नानादि से निवृत्त हो जाएं। इसके बाद शनि देव की मूर्ति पर तेल, माला और प्रसाद आदि अर्पित करें। शनि देव के चरणों में काली उड़द और तिल चढ़ाये। इसके बाद तेल का दीपक जला का शनि चालीसा का पाठ करें। इस दिन व्रत करने वालों पर शनि देव की विशेष कृपा होती है। शनि जन्मोत्सव के दिन किसी गरीब निर्धन को दान करना चाहिए, कहते हैं कि ऐसा करने से जीवन के सभी संकटों से मुक्ति मिलती है। शास्त्रों के अनुसार शनि देव जातक को उसके कर्मों के हिसाब से फल देते हैं। बैठक में प्रमुख रूप से सुनील गौतम, बालकृष्ण शास्त्री, प्रवीण पंड्या, जेपी भट्ट,बी एल साहू, मिक्की चंदेल, पंकज खत्री, सुनील पटेरिया, दिलीप उपाध्याय,सुरेंद्र पटेल, मोटू अग्रवाल, श्री त्रिवेदी, संदीप जैन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# लरगुवां तालाब में ग्रामीणों ने जाल डालकर पकड़ा मगरमच्छ

### रहवासी क्षेत्र होने से ग्रामीण कई महीनो से थे दहशत में

**जबेरा/बनवार ।** दमोह जिले के तालाब नदी नालों मगरमच्छों की मौजूदगी की खबर आम बात हो गई है और ग्रामीणों भी मगरमच्छों के खतरे से अपने आपको सुरक्षित रखने और हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार है कुछ ऐसा ही मामला दमोह वन मंडल की सागौनि वन



परिक्षेत्र की बनवार बीट के ग्राम लरगुंवा से सामने आया जहां सार्वजनिक तालाब में 27 मार्च से करीब ढाई फीट का मगरमच्छ पहली बार दिखाई दिया था जिसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी गई और वन विभाग की टीम जब रेस्क्यू के लिए पहुंची तो मगरमच्छ का बच्चा तालाब के पानी छिप गया और वन विभाग को वापिस लौटना पड़ा और ग्रामीणों मगरमच्छ के बच्चे को पकड़ने के लिए मछली पकड़ने के जाल से अनेकों बार प्रयास किया लेकिन मगरमच्छ काबच्चा तालान की मेड की खोह में छिप जाता था इस तरह दो माह से ग्रामीणों के साथ आंख मिचौली खेल रहा मगरमच्छ के बच्चे को आखिरकार ग्रामीणों ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए आज दोपहर तालाब से मगरमच्छ के बच्चे को जाल में फंसा लिया। इसके बाद उन्होंने मगरमच्छ के बच्चे को बोरी में भरकर वन चौकी बनवार पहुंचाया जहां से निजी वाहन से मगरमच्छ के बच्चे को सिंगौरगढ़ जलाशय ले जाकर सुरक्षित वन विभाग के द्वारा छोड़ा गया है बता दें जब वन विभागकी टीम मगरमच्छ के बच्चे को पकड़ने में नाकाम साबित हुई तो ग्रामीणों ने दो माह से तालाब में रहने वाले मगरमच्छ के बच्चे को पकड़ने की योजना बनाई- उन्होंने तालाब में जाल डाला और मगरमच्छ के बच्चे को सफलतापूर्वक पकड़ कर वन चौकी के कर्मचारियों के सुपुर्दः किया है । डिप्टी रेंजर जगदीश समदड़िया ने बताया वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ के बच्चे को अपने कब्जे में ले लिया है और रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के मगरमच्छों के लिए सुरक्षित प्राकृतिकआवास सिंगौरगढ़ जलाशय में छोड़ दिया है



# अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर किया आयोजन

**दमोह।** सीसीआरटी क्षेत्रीय केंद्र दमोह द्वारा रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय में अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस का आयोजन किया गया! दीप प्रज्ज्वल के उपरांत सभी मंचासीन अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। क्षेत्रीय केंद्र दमोह के क्षेत्राधिकारी देवनारायण रजक नें आयोजन के प्रयोजन पर प्रकाश डाला तथा सीसीआरटी मे होने वाली गतिविधियों के बारे मे संक्षेप मे जानकारी दीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे अति. पुलिस अधीक्षक श्री संदीप मिश्रा ज़ी नें संग्रहालय के साथ हमारी विरासत कों कैसे बचाना है, इस पर जोर दिया। संग्रहालय प्रभारी सुरेंद्र चौरसिया नें हजारों साल पुरानी प्रतिमाओ के साथ,साथ संग्रहालय की विस्तृत जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि के रूप मे दय अतिथि भाव सिंह(सेवा निवृत शिक्षक) एवं नरेंद्र दुबे(साहित्यकार) नें ऑपरेशन सिंदूर के बहादुर देश के वीरों के शौर्य को याद कर राष्ट्रीयता एवं भारतीयता की भावना प्रेरित किया । संग्रहालय भ्रमण के दौरान सभी अतिथियों नें सेल्फी लीं तथा सभी के लिए अल्पाहार एवं जलपान की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर जिले के साहित्य कार विभिन्न विद्यालय के प्राचार्य गण सीसीआरटी से प्रशिक्षित शिक्षक, शिक्षकाओ के साथ कला संस्कृति से जुड़े लोगों के साथ जिले के पत्रकार जनों उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार व्यक्त त्रिपाल सिंह नें किया।

## जेपीबी स्कूल के दोनों तरफ किया गया श्रमदान

**दमोह ।** स्वच्छता ही सेवा का 47 वां सप्ताह के तहत जेपीबी स्कूल के दोनो तरफ श्रमदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जनप्रतिनिधियों, नेहरु पार्क समिति सदस्यगण, विभिन्न सामाजिक संगठन, स्वंयसेवी संस्थाओं ने अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा सामाजिक संगठनों, शहर के नागरिकों के सहयोग से कार्यक्रम लगातार चलाया जा रहा है। यहाँ पर जेपीवी स्कूल के पास काफी बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए और श्रमदान किया गया। यहाँ की नाली की पूरी सफाई की गई। यहां नेहरू पार्क की समिति के सदस्य भी शामिल हुए। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा सभी का आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने कहा 08 जून को इसके 01 साल भी कंप्लीट होने वाला है तो हम लोग ये कोशिश कर रहे हैं, उत्कृष्ट विद्यालय वाला वीआइपी रोड, जेपीबी रोड मिल करके एक सर्किल बनता है, कोओपरेटिव बैंक के चारो तरफ एक किनारे-किनारे की खाली पड़ी जगह पर प्रॉपर सौंदरीकरण कराना हमारा लक्ष्य है। इस काम को हम लोग अब टेक अप कर रहे है, वहाँ पर पेबर ब्लॉक्स वगेरा लग के ब्रांचेस वगेरा लग जाएंगे।

# अवैध गतिविधियों पर नही लग पा रहा क्षेत्र में अंकुश

**पथरिया।** क्षेत्र में अवैध कारोबार करने वालों की संख्या में दिनों दिन बढ़ती जा रही है वही वर्तमान परिस्थितियों में ऐसा समय है कि ऐसा कोई ग्राम वार्ड नही जहां अवैध कारोबार नही चल रहे हो पर ना जाने ऐसी क्या परिस्थिति बनी हुई है कि सब कुछ देखकर भी अनजान बनें हुए हैं। मानो किसी भी कार्यवाही का डर नही बचा हो। अपराधियों में जिससे क्षेत्र में उनके हौसले बुलंद हैं। जुआ,सट्टा,शराब पर जो कार्यवाही हो रही वह नाम मात्र की हो रही है। जबकि कई जगहों पर जुआ के फड़ संचालित है। कार्यवाही होने के बाद भी बेरोक टोक चलते हैं ग्रामीण क्षेत्र में भी ऐसे हाल बनें हुए हैं वही प्रशासन की बात करें तो अनुविभागीय मुख्यालय राजस्व व पुलिस है उसके बाद भी कोई डर खौफ नही है। अनुविभागीय मुख्यालय होने के बाद भी सिर्फ पुलिस अधिकारियों का निवास मुख्यालय पर है। वाकि जिला मुख्यालय पर निवास है जिससे हर कोई अवैध कारोबार करने वालों को यह मालूम रहता है कि सुबह 11-12 के पहले कोई कार्यवाही हो नही सकती जिसका फायदा उठाकर रातों रात अपने अपने कार्य को अंजाम देते रहते हैं। अकेले पुलिस का ऐसा है कहां कहां जाएं उसमें भी कुछ ऐसे कर्मचारी हैं जिनको मेनेजमेंट करके सब कुछ चल रहा है। वही कुछ जिम्मेदार लोग यह भी चर्चा करते हैं कि जनप्रतिनिधियों को कभी भी प्रतिस्पर्धा की दौड़ वाली बात नही करनी चाहिए कि हमारे पहले कैसे काम चला अब हमारे एक वर्ष में ही आप सब ऐसे बोलने लगें।

# आजाद चौक का टूटा पड़ा प्रतीक्षालय

### टूटे पड़े यात्री प्रतीक्षालय, धूप में खड़े होकर यात्री करते हैं बसों का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद



विधायक निधि द्वारा गांव-गांव में बनाए गए टीन चद्दर के यात्री प्रतीक्षालय महज कुछ ही वर्षों में टूट कर बिखर जाते हैं यात्रियों को इन यात्री प्रतीक्षालयो का समुचित लाभ प्राप्त नहीं होता है। जबकि निर्माण कराने वालों का कमीशन पक्का हो जाता है, टूटे पड़े कई प्रतीक्षालय अपनी कहानी स्वयं ही बयां कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार दमोह पन्ना रोड पर तेवरैया मोड पर जहां पर यात्रियों की आवाजाही हमेशा ही बनी रहती है यहां पर कुछ वर्ष पहले बनाया गया। प्रतीक्षालय टूट कर धराशाई हो गया है यात्रियों को बैठने के लिए कोई सुविधा नहीं है इस भीषण गर्मी में यात्रीगण जलती हुई धूप में खुले आसमान के नीचे खड़े होकर बस का इंतजार करने को मजबूर है। इसी तरह ग्राम गैसाबाद कोऑपरेटिव बैंक के पास आजाद चौक पर जो ग्राम का मुख्य चौराहा है। यहां पर बना यात्री प्रतीक्षालय टूटकर इधर-उधर बिखर गया है यात्रियों को बैठने वाली कुर्सियों का पता ही नहीं है की कहां गई यात्रियों को बैठने की जगह अब लोग इस प्रतीक्षालय में अपनी मोटरसाइकिल रखने लगे हैं। और मुख्य बस स्टैंड बंजारी चौक पर भी यात्री प्रतीक्षालय की कोई खास सुविधा नहीं है। यात्री चाय पान की दुकानों पर बैठकर बस आने का इंतजार करते हुए देखे जा सकते हैं। गौरतलब है कि पुरानी ग्राम पंचायत के पास चंडी माता चौक पर सन 1985 में पंचायत द्वारा निर्मित यात्री प्रतीक्षालय,को शासन द्वारा कुछ माह पूर्व यह कहकर जेबीसी मशीन से गिरा दिया गया, कि यहां पर बस स्टैंड और सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य कराया जाएगा। लेकिन कई महीना बीत जाने के बाद भी उक्त जगह पर शौचालय का निर्माण कार्य आज तक नहीं किया गया। ग्रामीण जनों ने ग्राम के मुख्य बस स्टैंड एवं आजाद चौक पर यात्रियों की सुविधा के लिए यात्री प्रतीक्षालयो का निर्माण कराये जाने की मांग की है।

# चार दिन बाद भी दोनों बच्चों का नहीं लगा सुराग

### थाना प्रभारी ने रखा पांच हजार का नगद इनाम

**तेंदूखेड़ा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बंधा से घर के सामने खेल रहे चार वर्षीय बालक देवांश पिता किशन गोंड नमन पिता मिलन गोंड गायब हो गए थे जिसकी सूचना परिजनों द्वारा थाने में दे दी गई थी जिस पर थाना प्रभारी लगातार पुलिस बल के साथ आसपास के जंगल ग्राम की तलैया सहित आसपास के ग्राम में पातासजी कर रही है। परन्तु बच्चों का कोई सुराग नहीं मिल रहा एस पी डी आई जी में पहुंचे ग्राम में। बच्चों के अचानक गायब होने पर दमोह एस पी श्रुतिकृति सोमवंशी सहित सागर डी आई जी सुनील कुमार जैन भी ग्राम में पहुंचे और परिजनों के साथ बैठकर परिजनों को बच्चों की तलाश कर ढूंढने का भरोसा दिलाया है। थाना प्रभारी तीन दिनों से बच्चों की तलाश में ग्राम के साथ आसपास के जंगलों जलाशयों सहित पास के ग्रामों में बच्चों की तलाश कर रहे है परन्तु कोई सुराग न लगने पर इनाम देने की घोषणा की है। पांच हजार के इनाम की की घोषणा थाना प्रभारी ने देशबन्धु को जानकारी देकर बताया कि बच्चों की कोई भी जानकारी देगा जिससे बच्चों की तलाश आसान हो और बच्चों का पता चल सके। ऐसे व्यक्ति को थाना प्रभारी अपनी और से नगद पांच हजार की राशि इनाम में देगे साथ दमोह एस पी और पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा दे जानी बाली इनाम की राशि का हकदार पता देने बल या जानकारी देने वाला व्यक्ति या समूह होगा। उन्होंने बताया कि दमोह एस पी दस हजार रुपए की राशि इनाम में देने की घोषणा रात तक या सोमवार की सुबह तक कर सकते है। साथ ही पुलिस के उच्चाधिकारी में इनाम देगे जो बच्चों की जानकारी देने वाले को मिलेगा। साथ ही उन्होंने सभी लोगों से अपील की है दो मासूम बच्चों और उनके परिजनों जिनमें माता पिता प्रमुख है। उनकी हालत को देखते हुए बच्चों की तलाश करने में पुलिस की मदद करे क्योंकि यह मानवीयता का काम है।